हरे कृष्णा हरे कृष्णा हरे कृष्णा पुकार ले

हरे कृष्णा हरे कृष्णा हरे कृष्णा पुकार ले
जो बिगड़ी है यह जीवन की वो सिमरन से सुधार ले

1) दुनिया तुझे पुकारे, तू ध्यान रख प्रभु पर
कर्मों के साथ जीवन, तू वार दे प्रभु पर
तू भटक मत फिर विकारों में, इसी पल से विचार ले

2) कलयुग में यह आधारा, हरिनाम दिल से गाना
कीर्तन से सफल कर, भव से पार जाना
तू सिमरन में मगन रह कर, तू अपना मन सवार ले

3) जो बात यहां अटल है, विश्वास रख तू खुद पर
फिर भोर होगी निश्चित, बस रात की गुजर कर
तू धड़कन में सुमिर हरि को, उसे मन में निहार ले

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34249/title/hare-krishna-hare-krishna-pukar-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |